एफ.संख्या 03-01/सा.प्र./2019-20/एफएसएसएआई

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,

नई दिल्ली - 110002

दिनांक 4 अक्तूबर, 2019

निविदा सूचना

एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली स्थित एफ.एस.एस.ए.आई. के लिए सम्बद्ध विविध कार्यों के साथ आई.पी. आधारित सी.सी.टी.वी. निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए निविदा आमंत्रित करना

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) अनुभवी और प्रतिष्ठित बोलीदाताओं से कोटला रोड, नई दिल्ली - 110002 स्थित एफडीए भवन के परिसरों में सी.सी.टी.वी. कैमरा की आपूर्ति, संस्थापना और परीक्षण के लिए निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुपालन के साथ मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।

2. निविदा दस्तावेज एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट के साथ-साथ सी.पी.पी. पोर्टल पर भी दर्शाया गया है। निविदा दस्तावेज यथोचित रुप से भर कर संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ सहायक निदेशक (सा.प्र.), एफ.एस.एस.ए.आई., तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को संबोधित करते हुए **28 अक्तूबर, 2019 तक 1300 बजे तक** अथवा इसके पहले प्रस्तुत की जा सकती हैं और उसके साथ बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रुप में 30,000/-रुपए (मात्र तीस हजार रुपए) (बिना ब्याज के) का डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश भी संलग्न करें। निविदा शुल्क 100/-रुपये का भुगतान नकद/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक द्वारा किया जाए। बयाना राशि जमा (ईएमडी) और/अथवा निविदा शुल्क के प्रति डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के पक्ष में हो और नई दिल्ली में देय हो।

3. निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तें दी गई हैं, एफ.एस.एस.ए.आई. मुख्यालय, सामान्य प्रशासन प्रभाग, तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 से निविदा लागत (अप्रत्यर्पणीय) के प्रति 100/-रुपये का भुगतान वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान आदेश द्वारा या नकद भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज और बोली के प्रस्तुतिकरण की लागत के संबंध में उपर्युक्त प्रकार से भुगतान करके एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट: www.fssai.gov.in अथवा सी.पी.पी. पोर्टल www.eprocure.gov.in/epublish/app के माध्यम से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

पत्र व्यवहार का पता : सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

सहायक निदेशक(सामान्य प्रशासन)
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण